रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/93 REGD. NO. D.L.-33004/92

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं॰ 397] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 12, 1993/कार्तिक 21, 1915
No. 397] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 12, 1993/KARTIKA 21, 1915

जल भूतल परिवहन मंत्रालय

(पत्तन पक्ष)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 12 नवम्बर, 1993

सा.का.नि. 704(अ)—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 132 की उप-धारा (1) के साथ पठित धारा 124 की उप-धारा (1) के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार, विशाखापट्टनम पोर्ट ट्रस्ट न्यासी मंडल द्वारा विशाखापट्टनम पोर्ट के लिये बनाये गये विशाखापट्टनम पोर्ट कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियम, 1993 का अनुमोदन करती है और उसे इस अधिसूचना के साथ संलग्न अनुसूची में लगाया गया है।

2. उक्त विनियम, इस अधिसूचना को सरकारी राजपत्र में प्रकाशित करने की तारीख से लागू होंगे।

[स.पी. आर-12012/19/93-पी ई-1]

अशोक जोशी, संयुक्त सचिव

विशाखापट्टनम पोर्ट कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियम, 1993

सा.का.नि.———महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 28 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, विशाखापट्टनम पोर्ट कर्मचारी (सा. भ.नि.) विनियम, 1964, भारत के राजपत्र में प्रकाशित जी.एस.आर. सं. 328, दि. 29-2-1964 का अतिक्रमण करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 124 के तहत यथा अपेक्षित केन्द्र सरकार से अनुमोदन की शर्त पर विशाखापट्टनम पोर्ट ट्रस्ट निम्नलिखित विनियम बनाती है :—

1. लघुशीर्ष और प्रारम्भ :—(क) इन विनियमों को विशाखापट्टनम पोर्ट कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियम, 1993 कहा जायेगा।

(ख) ये नियम केन्द्र सरकार के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2. व्याख्या : इन विनियमों में जब तक प्रसंग से दूसरी बात अपेक्षित न हो।

(1) "लेखा अधिकारी" का अर्थ वित्तीय सलाहकार एवं बोर्ड के मुख्य लेखा अधिकारी है।

(2) "बोर्ड", "अध्यक्ष", "उपाध्यक्ष" शब्दों का अर्थ महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 में निर्धारित जैसा ही रहेगा ।

(3) "परिलब्धियां" का अर्थ वेतन, छुट्टी वेतन या केन्द्रीय सरकार के मूल नियमों या बोर्ड द्वारा बनाये गये किन्हीं विनियमों, जो भी अंशदाता के लिये लागू हो और अंशदाता को विदेश या अन्य सेवा से वेतन के समान प्राप्त किसी भी प्रकार के मेहनताना से है, जिस में सवारी भत्ता, मकान किराया भत्ता, समयोपरि भत्ता, सीमेंट जांच भत्ता, प्लावी जलयान पर्यवेक्षण शुल्क, गोता भत्ता और और राशन भत्ता आदि शामिल नहीं हो ।

बशर्ते कि "लाइटरमैन" और क्रेन (एलक्ट्रिकल) ड्राइवरों के संबंध में "परिलब्धियां" का अर्थ समय-समय पर बोर्ड द्वारा नियत की जाने वाली राशियों से होता है ।

(4) "कर्मचारी" का अर्थ बोर्ड का एक कर्मचारी है ।

(5) "परिवार" का अर्थ

(1) पुरुष अंशदाता के विषय में, पत्नी या पत्नियां, माता, पिता, बच्चे, नाबालिग भाई, अविवाहित बहिनें, मृत बेटे की विधवा, एवं बच्चे, तथा जहां अंशदाता के माता-पिता जीवित नहीं होते, वहां पिता के माता पिता है ।

बशर्ते कि अंशदाता यह प्रमाणित करे कि उसकी पत्नी न्यायिक रूप से उससे अलग हो गई है या वह अपने समाज के सामाजिक रीति रिवाजों के अनुसार वह निर्वाह व्यय की हकदार है । इसके बाद वह इस विनियमों से संबंधित मामलों के लिये तब तक अंशदाता के परिवार की सदस्या नहीं मानी जायेगी जब तक अंशदाता लेखा अधिकारी को लिखित रूप में यह सूचित न करे कि उसे निरंतर सदस्या समझा जाये ।

(ii) स्त्री अंशदाता के विषय में पति, माता-पिता, बच्चे, नाबालिग भाइयों, अविवाहित बहिनों, मृत पुत्र की विधवा और बच्चे और जहां अंशदाता के माता और पिता जीवित नहीं है; एक पैतृक माता पिता है ।

बशर्ते कि अंशदाता लिखित रूप में अपने विभागाध्यक्ष को यह बता दे कि उसके पति का नाम उसके परिवार से हटा दिया जाये । उसके बाद से उसका पति अंशदाता के परिवार का सदस्य उन मामलों में तब तक नहीं माना जायेगा जो इस विनियमों के अन्तर्गत आते हैं जब तक वह पुनः लिखित रूप में इसे रद्द करने के लिए आवेदन न दे ।

नोट :— शिशु (बच्चा) का अर्थ वैध संतान है और इसमें गोद लिया गया बच्चा भी शामिल है । जहां गोद लिया जाना वैध स्वीकार किया गया है, अंशदाता के वैयक्तिक कानून के अन्तर्गत अथवा गार्डियन और वार्ड अधिनियम, 1890 के (1890 का 8) के तहत आश्रित को जो कर्मचारी के साथ रहता है और उसका एक सदस्य समझा जाता है ।

(6) "निधि" का अर्थ विशाखापट्टणम पोर्ट कर्मचारी सामान्य भविष्य निधि है ।

(7) "छुट्टी" का अर्थ केन्द्रीय सरकार के मूल नियम या कोई अन्य नियम या नियमों द्वारा या केन्द्रीय सरकार के आदेशों या महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 28 के अधीन बनाये गये छुट्टी नियमों, यदि है तो, के अनुसार है जो भी अंशदाता के लिए लागू होता है ।

(8) "वर्ष" का अर्थ वित्तीय वर्ष है ।

(9) इन विनियमों में उपयोग किये गये किसी अन्य वाक्यांश का अर्थ जिस की परिभाषा निधि अधिनियम, 1925 (1925 का 19) या केन्द्रीय सरकार के मूल नियम या उप नियम (7) में उल्लिखित छुट्टी विनियमों में दी गयी है, (अंशदाता के लिए जो भी लागू होता है) उसी अधिनियम, नियम या विनियमों में निर्धारित अर्थ के समान ही होगा ।

(10) इन विनियमों से अन्यथा न होने पर—इस विनियमों का वर्तमान सामान्य भविष्य निधि वर्तमान या नयी निधि के गठन पर कोई प्रभाव (अंतर) नहीं पड़ेगा ।

(11) अब तक गठित किये गये सामान्य भविष्य निधि ही लागू रहेंगे और इस विनियमों के तहत गठित और जारी माने जायेंगे ।

3. निधि का गठन और प्रबंधन : निधि को मंडल द्वारा प्रशासित किया जाएगा और भारत में रुपयों में चलाया जाएगा ।

4. पात्रता की शर्तें :—पुनर्नियुक्त कर्मचारियों को छोड़कर सभी स्थायी और अस्थायी कर्मचारी, जो इन विनियमों के प्रारम्भ होने की तारीख से एक वर्ष या उससे अधिक लगातार सेवा में रहे हैं उन्हें इस निधि का अंशदाता बनना अपेक्षित है । इन विनियमों के प्रारम्भ होने की तारीख को जिन अस्थाई कर्मचारियों का सेवा काल एक वर्ष से कम होता है, उन्हें अपनी सेवा के एक वर्ष पूरा होने के बाद वाले महीने से इस निधि का अंशदाता बनना होगा । परिवार का और जिसके लिए कर्मचारी है, विशेष रूप से स्वाभाविक रूप से पैदा होने का दर्जा ही दिया जाएगा ।

(2) बोर्ड अपने स्वनिर्णय से किसी भी वर्ग के कर्मचारियों को निधि के अंशदाता बनाने को बाध्य करेगी ।

(3) किसी अंशदायी भविष्य निधि के अंशदाताओं को इस निधि के अंशदाता बनने की आवश्यकता नहीं है ।

5. इन विनियमों के आरम्भ होने पर सामान्य भविष्य निधि विनियम, 1964 के अधीन स्थापित सामान्य भविष्य निधि में मौजूद किसी कर्मचारी की शेष जमा को इन विनियमों के अधीन स्थापित निधि के खाते में जमा कर दी जायेगी।

6. नामांकन :—(1) अंशदाता निधि का सदस्य बनते समय निधि के अपने खाते में जमा रकम को उस राशि के देय योग्य या देय योग्य होने पर या नहीं दिये जाने के पहले अपनी मृत्यु के बाद निधि में उसके खाते में जमा रकम प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करते हुए एक या अधिक व्यक्तियों का एक नामांकन लेखा अधिकारी को भेजेगा।

बशर्ते कि नामांकन करते समय यदि अंशदाता का परिवार है तो नामांकन उसके परिवार के किसी एक सदस्य या एक से अधिक व्यक्तियों के नाम पर होना चाहिए।

आगे बशर्ते कि इस निधि का सदस्य बनने से पहले अंशदाता यदि किसी दूसरी भविष्य निधि के लिए अंशदान देता रहा हो तो अन्य निधि के उसके खाता में जमा राशि को इस निधि की जमा में स्थानांतरित किए जाने पर, इस विनियम के अनुसार नामांकन न किये जाने तक इस निधि के विनियमो के अधीन विधितया पूर्व नामांकन को ही स्वीकार किया जाएगा।

(2) यदि एक अंशदाता उप विनियम (1) के अधीन एक से अधिक व्यक्तियों को नामित करे तो उसे अपने नामांकन में किसी भी समय पर निधि के अपने खाते में जमा संपूर्ण राशि को मनोनीत हर एक व्यक्ति को देय भाग की राशि का विनिर्देशन करना होगा।

(3) हर एक नामांकन संलग्न की गयी पहली सूची में दिये गये फार्म में किया जाना है।

(4) विभागाध्यक्ष को लिखित रूप में सूचना भेज कर अंशदाता किसी भी समय में नामांकन को रद्द कर सकता है। उस सूचना के साथ या अलग से अंशदाता को इस विनियम के उपबंधो के अनुसार बनाये गये एक अद्यतन नामांकन पत्र को भेजना होगा।

(5) एक अंशदाता नामांकन में यह स्पष्ट करेगा कि:

(क) किसी भी विनिर्देशित मनोनीति के बारे में, अंशदाता से पूर्वाधिकार प्राप्त कर लेने की अवस्था में मनोनीत व्यक्ति को प्रदान किया गया अधिकार नामांकन में विनिर्देशित अमुख व्यक्ति या व्यक्तियों पर हो जाता है बशर्ते कि ऐसा अमुख व्यक्ति या व्यक्ति समुदाय ऐसे ही अन्य सदस्य या सदस्यगण हो जाता है यदि अंशदाता के लिए अपने परिवार के अन्य सदस्य विद्यमान होता है। जहां चन्दादार ऐसे अधिकार इस धारा के अधीन एक से अधिक व्यक्तियों पर प्रदान करता है। उसे ऐसे अमुख व्यक्तियों के हर एक की देय राशि या अंश को ऐसा विनिर्देशित करना है, जिससे कि कुल राशि मनोनीत व्यक्तियों को भुगतान कर सके।

(ख) उसमें विनिर्देशित आकस्मिकता के घटित होने पर नामांकन अमान्य हो जायेगा।

बशर्ते कि नामांकन करते समय यदि अंशदाता के परिवार में सिर्फ एक ही व्यक्ति विद्यमान रहता है तो उसे नामांकन में यह बताना चाहिए कि धारा (क) के अधीन वैकल्पिक मनोनीत व्यक्ति पर प्रदान किया गया अधिकार बाद में अपने परिवार में अन्य सदस्य व सदस्यों के आ जाने की अवस्था पर अमान्य हो जायेगा।

(6) एक मनोनीत व्यक्ति की मृत्यु के तुरंत बाद जिसके संबंध में उप विनियम (5) की धारा (क) के अधीन नामांकन में कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई है या किसी घटना के घटित होने के कारण उप विनियम (5) की धारा (ख) के अनुसार नामांकन अमान्य हो जाता है या वहां के परन्तुक के अनुसार, अंशदाता को लिखित रूप में नामांकन को रद्द करते हुए तथा इस विनियम के उपबंधों के अनुसार एक नया नामांकन जोड़ कर लेखा अधिकारी को सूचित करना चाहिए।

(7) अंशदाता द्वारा दिया गया नामांकन तथा रद्द से संबंधित हर सूचना, जहां तक उसकी मान्यता की सीमा है, विभागाध्यक्ष को प्राप्त तारीख से प्रभावी होता है।

7. अंशदाताओं के खाते :—हर एक अंशदाता के नाम पर एक खाता खोला जाएगा तथा उसमें निम्नलिखित दिखाया जाएगा।

(1) उसका अंशदान

(2) अंशदान पर विनियम-2 द्वारा यथा व्यवस्थित ब्याज

(3) निधि से अग्रिम और निकासी

8. अंशदानों की शर्तें :—

(1) निलंबित की गयी अवधि को छोड़कर एक ग्राहक को अपने अंशदान को मासिक रूप में अदा करना है।

बशर्ते कि एक अंशदाता अपने विकल्प से छुट्टी के दौरान अंशदान नहीं देगा जिस के लिए या तो छुट्टी का वेतन नहीं मिलता है या आधा वेतन या आधा औसतन वेतन के बराबर या कम छुट्टी वेतन मिलता है।

आगे बशर्ते कि एक अंशदाता जिन को एक अवधि के लिए निलंबित किये जाने के बाद फिर से नियुक्त किया जाता है, उसे उस अवधि के लिए देय अंशदानों के बकायों की अधिकतम राशि से अधिक न रहनेवाली किसी भी राशि को एक ही राशि में या किश्तों में भुगतान करने का विकल्प दिया जायेगा।

नोट :—अंशदाता को अकार्य दिवस माने जाने वाली अवधि में अंशदान देने की जरूरत नहीं है।

(2) एक अंशदाता छुट्टी के दौरान अंशदान नहीं देने का अपना चुनाव (विनियम 8 के उप विनियम-1) को पहला परन्तुक को देखिए) लेखा अधिकारी को लिखित रूप में सूचित करेगा जो नियत समय पर सूचित नहीं करने पर यह माना जायेगा कि उसने अंशदान देना स्वीकार किया है। इस उप-विनियम के अधीन सूचित किया गया अंशदाता का विकल्प अंतिम माना जायेगा।

(3) जो अंशदाता विनियम-22 के तहत अपने खाते में निहित रकम निकाल लेता है वह ड्यूटी में वापस आने तक निधि का अंशदान नहीं करेगा।

(4) उप-विनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी एक अंशदाता उसे सेवा में बहाल करने वाले महीने के लिए निधि में अंशदान तब तक नहीं कर सकता जब तक कि वह विभागाध्यक्ष को उक्त महीने के लिए अंशदान का विकल्प लिखित रूप में नहीं देता।

9. अंशदान की दर :—(1) अंशदान की राशि अंशदाता निम्न शर्तों के अधीन अपने आप निर्धारित करता है।

(क) यह राशि पूरे रुपयों में प्रकट की जायेगी।

(ख) ऐसे प्रकट की गई राशि उनकी परिलब्धियों के 6% की राशि से कम नहीं हो तथा उसकी संपूर्ण परिलब्धियों से ज्यादा नहीं करेगा।

बशर्ते कि इसके पहले 8 1/3% से अधिक दर से भविष्य निधि को अंशदान देने वाले अंशदायी के विषय में यह राशि अपनी परिलब्धियों में से 8 1/3% से, कम, तथा अपने संपूर्ण परिलब्धियों से ज्यादा नहीं रहेगी।

(ग) जब कर्मचारी न्यूनतम दर 6% या 8 1/3% दर पर जो भी लागू होता है—अंशदान देने के लिए तैयार होता तो है, रुपया का एक अंश निकटतम पूर्ण रुपये के रूप में मान लिया जाता है, 50 पैसे की अगले रुपये के रूप में गिनती की जाती है।

(ii) उप-विनियम (i) के प्रयोजन के लिए, अंशदाता के परिलब्धियों को :—

(क) पूर्ववर्ती वर्ष के 31 मार्च को बोर्ड की सेवा में कार्यरत अंशदाता की परिलब्धियों उस दिन तक उसके हक में रहेगी। बशर्ते कि :

(i) यदि अंशदाता उक्त तारीख को छुट्टी पर रहे तो, और इस प्रकार की छुट्टी पर उनकी परिलब्धियां अंशदान नहीं देने के लिए चुने जाने पर अथवा उक्त तारीख पर निलंबित किये जाने पर उनके द्वारा ड्यूटी पर लौट आने के पहले दिन को हकदारी परिलब्धियों के बराबर रहेगा।

(ii) यदि अंशदाता उक्त तारीख को भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति पर रहता है या उक्त तारीख पर वह छुट्टी पर रहता है तथा छुट्टी पर ही जारी रहता है, तथा ऐसी छुट्टी के दौरान उसे अंशदान के लिए तैयार है तो उसके द्वारा भारत में काम करते वक्त जिन परिलब्धियों के लिए वह हकदार था। वे ही उसकी परिलब्धियां होंगी।

(ख) पूर्ववर्ती वर्ष के 31 मार्च को बोर्ड की सेवा में न रहने वाले अंशदाता के विषय में उसके द्वारा निधि के सदस्य बनने की तारीख को उसके हक की परिलब्धियां।

(iii) हर एक साल में अंशदाता अपने मासिक अंशदान की राशि के निर्धारण की सूचना निम्नलिखित प्रकार करेगा।

(क) यदि वह पूर्व के मार्च 31 को ड्यूटी पर है तो उस महीने के अपने वेतन बिल से उसके लिए की गई कटौती द्वारा।

(ख) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष के 31 मार्च पर छुट्टी पर हो तथा वह उसे छुट्टी के दौरान अंशदान देने के लिए तैयार न हो, या उस तारीख पर उसे निलंबित किया गया हो तो उसके ड्यूटी पर लौट आने के बाद उसके पहले वेतन बिल से इसके लिए की गयी कटौती द्वारा।

(ग) यदि वह बोर्ड की सेवा में पहली बार उस वर्ष के दौरान भर्ती हुआ है तो, उसके निधि में सदस्य बनने वाले महीने के वेतन बिल से इसके लिए की गई कटौती द्वारा।

(घ) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष के 31 मार्च को छुट्टी पर हो, एवं वह छुट्टी पर जारी रहता है तथा वह ऐसी छुट्टी के दौरान अंशदान देने के लिए तैयार है तो उस महीने के अपने वेतन बिल से इसके लिए की गयी कटौती द्वारा।

(ङ) यदि पूर्ववर्ती वर्ष के 31 मार्च को विदेशी सेवा पर हो तो चालू वर्ष में उसके द्वारा बोर्ड के खाते में अप्रैल महीने के लिए अंशदाता के लिए अपने द्वारा जमा की गई रकम।

(5) इस प्रकार से निर्धारित की गई अंशदान की राशि को :—

(क) वर्ष के दौरान किसी भी एक समय पर घटाया जाता है।

(ख) वर्ष के दौरान दो बार बढ़ाया जाता है।

(ग) पूर्वोक्त के अनुसार घटाया तथा बढ़ाया जाता है।

बशर्ते कि जब अंशदान की राशि को जब घटाया जाता है तो वह राशि उप नियम (1) में निर्धारित न्यूनतम राशि से कम नहीं होनी चाहिए। आगे बशर्ते कि यदि अंशदाता बिना वेतन के अथवा आधे वेतन पर कैलेन्डर महीने के लिए आधे औसतन वेतन की छुट्टी पर है और वह इस प्रकार

की छुट्टी में अंशदान के लिए तैयार नहीं है तो, उपर्युक्त बताये गये से भिन्न छुट्टी सहित, यदि है तो, ड्यूटी पर बताये गये दिनों के अनुपात में अंशदान राशि देय होगी।

10. विदेशी सेवा में तबादला या भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति पर भेजना :

जब किसी कर्मचारी का विदेशी सेवा में तबादला हो, या प्रतिनियुक्ति पर भारत से बाहर भेज दिया जाता है, तो निधि के नियमों के अधीन उसे उसी प्रकार रखा जाता है मानों कहीं भी उसका तबादला नहीं हुआ हो या प्रतिनियुक्ति पर नहीं भेजा गया हो।

11. अंशदानों की वसूली : (1) जब परिलब्धियां भारत में ली जाती हैं, अथवा भारत से बाहर संवितरण प्राधिकृत कार्यालय से परिलब्धियां निकालने पर इन परिलब्धियों तथा मूल स्रोत एवं अग्रिम के ब्याज के अंशदानों की वसूली परिलब्धियों में ही की जाती है।

(2) जब परिलब्धियां किसी अन्य स्रोत से ली जाती हैं, अंशदाता अपनी बकायों को महीनेवार लेखा अधिकारी को भेजेगा :

बशर्ते कि ऐसे अंशदाता के विषय में जो कि सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में रहने वाले निगम निकाय में प्रतिनियुक्ति पर रहता है, उस निकाय द्वारा अंशदान की वसूली की जाती है तथा लेखा अधिकारी को भेजी जाती है।

(3) जब एक अंशदाता निधि में प्रवेश होने की तारीख से अंशदान नहीं दे पाता है या विनियम 8 के अनुसार एक वर्ष के दौरान किसी एक महीने या महीनों में अंशदान न दे पाता तो, विनियम-12 में बतायी गयी दर के हिसाब से ब्याज सहित निधि को देय अंशदान की बकाया कुल राशि अंशदाता द्वारा तत्काल निधि में जमा करनी चाहिए या विनियम-14 के उपविनियम (2) के अधीन पेशगी मंजूरी के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जैसा निर्देशित किया गया हो, भुगतान की चूक को लेखा अधिकारी के आदेश पर अंशदाता द्वारा परिलब्धियों को किश्तों के रूप में या अन्य प्रकार भुगतान किया जाये।

बशर्ते कि ऐसे अंशदाताओं को जिन की जमा के लिए ब्याज नहीं लिया जाता, किसी भी प्रकार का ब्याज देने की आवश्यकता नहीं।

12. ब्याज :— (1) उप-विनियम (5) के उपबंधों के अधीन हर वर्ष के लिए बोर्ड द्वारा निर्धारित दर पर अंशदाता के खाते में बोर्ड को ब्याज का भुगतान किया जाना चाहिए।

बशर्ते कि ऐसा अंशदाता जो पहले केन्द्रीय सरकार के किसी भी अन्य भविष्य निधि को अंशदान देता रहा हो तथा जिस के अंशदानों को विनियम-24 के तहत ब्याज सहित इस निधि के अपने खाते में भेज दिया गया हो, उसे 4% की दर पर ब्याज दिया जायेगा यदि वह उस अन्य निधि के नियमों के उपबंध के अनुसार उस दर का ब्याज प्राप्त करता रहा हो जो,—

(2) हर वर्ष के अन्तिम दिन से ब्याज की जमा निम्न प्रकार की जायेगी।

(क) पूर्व गामी वर्ष के आखिरी दिन को अंशदाता की जमा में रहने वाली राशि में से वर्तमान वर्ष में निकाली गई रकमों को कम करने के बाद 12 महीनों के लिए ब्याज।

(ख) चालू वर्ष में निकाली गयी रकमों पर—वर्तमान वर्ष के प्रारम्भ निकासी महीने के पूर्वगामी महीने के अंतिम दिन तक ब्याज।

(ग) पूर्वगामी वर्ष के अंतिम दिन के बाद अंशदाता के खाते में जमा की गई सभी रकमों पर—जमा करने की तारीख से वर्तमान वर्ष के अंतिम दिन तक ब्याज।

(घ) ब्याज की कुल जमा को निकटतम पूर्ण रुपये से पूरा करना है। (पचास पैसे की गिनती पूर्ण रुपये के रूप में समझी जायेगी)।

बशर्ते कि जब एक अंशदाता की जमा में पड़ी रकम देय योग्य होती है, इस विनियम के अधीन ब्याज की अवधि को वर्तमान वर्ष के प्रारम्भ से या जमा की तारीख से, जो भी लागू होता है, अंशदाता की जमा में पड़ी रकम देय योग्य होने की तारीख तक गिनी जाती है।

(3) इस विनियम में, परिलब्धियों से वसूली के विषय में जमा की तारीख उस महीने की पहली तारीख समझी जायेगी जिस महीने में उसे वसूली की गई है तथा अंशदाता के द्वारा भेजी गई रकम के विषय में उसे प्राप्त की गई महीने की पहली तारीख समझी जायेगी, यदि वह महीने की पांच तारीख या उसके बाद प्राप्त होती है, जमा की तारीख अगले महीने की पहली तारीख होगी।

बशर्ते कि जब अंशदाता का वेतन या छुट्टी का वेतन तथा भत्ता के भुगतान में विलम्ब हो जाता है जिसकी वजह से निधि के लिए उसका अंशदान भी विलंब हो जाता है, ऐसे अंशदानों पर ब्याज की गिनती अंशदाता के वेतन या छुट्टी का वेतन नियमों के अधीन देय होता है चाहे उसे जिस महीने में भी निकाली गयी हो।

आगे बशर्तें कि विनियम 11, के उप-विनियम (ii) के परन्तुक के अनुसार भेजी जाने वाली रकम के विषय में जमा की तारीख महीने की पहली तारीख समझी जायेगी, यदि उसे लेखा अधिकारी को महीने की पन्द्रहवीं तारीख तक प्राप्त हो।

आगे बशर्ते कि जहां एक महीने की परिलब्धियां निकाली गई हैं तथा उन्हें उसी महीने के अंतिम दिन पर वितरित किया गया है तो उसके अंशदानों की वसूलियों के मामलों में जमा की अंतिम तारीख आगे की महीने की पहली तारीख है।

(4) इसके अतिरिक्त किसी भी रकम विनियम–20, 21 अथवा 22 के अधीन भुगतान किया जाना हो तो उस प्रकार भुगतान किये जाने वाले व्यक्ति को भुगतान किये जाने की महीने की पहले महीने के अंतिम तक या ऐसे रकम को देय महीने के छः महीने तक इन दो अवधियों में जो भी कम हो ब्याज भुगतान किया जाता है ।

बशर्ते कि जहां लेखा अधिकारी उस व्यक्ति को (उसके एजेन्ट को) जिस तारीख पर भुगतान नकद रूप में अदा करने की तैयारी की गई सूचना देता है, या उस व्यक्ति को भुगतान करने के लिए चैक डाक में डालता है, ब्याज ऐसे सूचित महीने के पहले महीने की अंतिम दिन तक है, या चैक को डॉक में डालने की तारीख दोनों में जो भी लागू हो भुगतान करना होगा ।

आगे बशर्ते कि समिति पंजीकरण अधिनियम, 1860 (1860का 21) के तहत सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण निगम निकाय में प्रतिनियुक्ति पर रहनेवाला एक अंशदाता बाद में उसी निगम निकाय में पूर्व प्रभावी तारीख से लिया जाता है, अंशदाता के निधि–संचयनों पर देय ब्याज की गिनती के लिए समाहित से संबंधित आदेशों को जारी करने की तारीख अंशदाता की जमा की रकम देय योग्य तारीख समझी जायेगी। फिर भी बशर्ते कि इस उपनियम के अधीन ब्याज की गिनती के प्रयोजन के लिए समाहित की तारीख से शुरू होकर और समाहित के आदेशों को जारी की तारीख तक की अवधि के दौरान अंशदान के रूप में वसूली की गई राशि को निधि के लिए अंशदान समझी जायेगी ।

टिप्पणी : छः महीने की अवधि से ज्यादा तक की निधि बकाया पर ब्याज का भुगतान निम्नलिखित द्वारा प्राधिकृत किया जाना चाहिए :—

(क) एक वर्ष की अवधि तक लेख कार्यालय का प्रधान।

(ख) किसी भी अवधि तक अध्यक्ष/उपाध्यक्ष ।

उक्त व्यक्तियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से संतुष्ट होने के बाद अंशदान में विलम्ब का कारण अंशदाता अथवा इस प्रकार का भुगतान किया जाने वाले व्यक्ति के नियंत्रण से बाहर था, मामले में मौजूद प्रशासनिक विलम्ब को पूर्णतः जांच किया गया और आवश्यक कार्यवाई की गयी ।

(5) जब अंशदाता लेखा अधिकारी को यह सूचित करता है कि उसे ब्याज प्राप्त करने की इच्छा नहीं है, तब अंशदाता के खाते में ब्याज की जमा नहीं की जायेगी, लेकिन बाद में जब वह ब्याज के लिए पूछता है, तब उसके द्वारा पूछे जाने वाले वर्ष के पहले दिन से ब्याज जमा की जाती है ।

(6) विनियम 11, विनियम 20 या 21 के उप विनियम (3), के अधीन रकमों पर मिलने वाली ब्याज निधि में अंशदाता की जमा के रूप में इस विनियम के उप विनियम (1) के अधीन यथा निर्धारित दरों के अनुसार गिनती की जाती है।

(7) यदि कोई अंशदाता अपने खाते में जमा निधि से अधिक रकम आहरित करता है, तो, अधिक आहरित की गयी रकम, चाहे वह अग्रिम रूप में हों अथवा आहरण अथवा निधि से अंतिम भुगतान या गलती से की गई हो उसे अंशदाता की परिलब्धियों से एक मुश्त के रूप में घटाकर वसूल करने का आदेश दिया जाए। यदि वसूली रकम अंशदाता की परिलब्धियों में आधे से अधिक हो तो अंशदाता की सम्पूर्ण रकम ब्याज सहित वसूल होने तक मासिक किस्तों में वसूल की जाएगी। इस उप-विनियम के लिए अधिक आहरित रकम के लिए ब्याज की दर 2-1/2 होगी जो उप विनियम (1) के तहत भविष्य निधि शेष पर प्रभारित योग्य है। अधिक आहरित रकम पर वसूल करने वाला ब्याज मंडल की निधि में जमा किया जाएगा।

13 अन्य सेवाओं से बदली: (1) हर मामले में अध्यक्ष/उपाध्यक्ष की मंजूरी होने पर सरकार की किसी अन्य सेवा या अन्य नियोक्ता की सेवा से बोर्ड की सेवा में दाखिल किसी भी व्यक्ति द्वारा इस निधि के अंशदाता हो जाने पर, उसके द्वारा बोर्ड की सेवा में प्रवेश होने की तारीख पर सरकार या किसी अन्य प्रयोक्ता द्वारा किसी भविष्य निधि में जमा निहित की गई रकम इस निधि में बदली की जायेगी। इस प्रकार बदली की गई रकम पर सिर्फ ब्याज दिया जाता है, बोर्ड द्वारा किसी भी प्रकार का अंशदान अदा करने का अधिकार इसके संबंध में अंशदाता को नहीं मिलेगा।

(2) इस निधि के अंशदाता की सरकार या अन्य नियोक्ता की सेवा में स्थायी रूप से अंतरण किए जाने पर अंशदाता के भविष्य निधि की शेष राशि को नकद में भुगतान किये जाने की बजाए नये नियोक्ता के खाते में अंतरण की जायेगी तथा इन विनियमों को उसके ऊपर लागू नहीं किया जायेगा ।

(3) विशाखापट्टनम पोर्ट ट्रस्ट में रखी गई भविष्य निधि रकम पर, रकम के अंतरण की तिथि तक साधारण दर से ब्याज बढ़ता रहेगा ।

14 निधि से पेशगियाँ : (1) निम्नलिखित एक या अधिक प्रयोजनों के लिए उपर्युक्त मंजूरी प्राधिकारी द्वारा किसी भी अंशदाता को भविष्य निधि की सम्पूर्ण राशि में से 3 (तीन) महीनों के वेतन या निधि के खाते की रकम की आधी राशि—जो भी कम हो—पेशगी के रूप में मंजूर की जायेगी ।

(क) अंशदाता और उसके परिवार के सदस्य या उस पर वास्तविक रूप में आश्रित किसी भी व्यक्ति की अस्वस्थता प्रसूति या विकलांगता से संबंधित व्यय की अदायगी के लिए जहां भी आवश्यक हो यात्रा भत्तों को भी शामिल किया जायेगा ।

(ख) अंशदाता और उसके परिवार के सदस्य या उस पर वास्तविक रूप से आश्रित किसी भी व्यक्ति के यात्रा भत्तों को मिला कर निम्न मामलों से संबंधित उच्च शिक्षा के व्यय को पूरा करने के लिए, जो इस प्रकार है :—

(1) हाईस्कूल से ऊपरी स्तर की शैक्षणिक, तकनीकी, व्यवसायिक या पेशा पाठ्यक्रम के संबंध में भारत के बाहर शिक्षा के लिए, तथा

(2) हाईस्कूल के ऊपर स्तर के किसी भी चिकित्सा, इंजीनियरी या अन्य तकनीकी या विशेषज्ञ पाठ्यक्रम के लिए भारत में, बशर्ते कि शिक्षा की अवधि 3 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।

(ग) अंशदाता के पद के समुचित पैमाने पर प्रचलित रूढ़ि द्वारा अंशदाता की सगाई, शादियों, दफन या अन्य समारोहों के सिलसिले में होने वाले अनिवार्य व्यय के भुगतान के लिए या उसकी परिवार के किसी भी व्यक्ति या उस पर वास्तविक रूप से आधारित किसी भी व्यक्ति द्वारा।

(घ) अपने कर्त्तव्य के पालन करने में अपने द्वारा किये गये किसी कार्य या किये जाने वाले किसी कार्य के बारे में अपने विरुद्ध किए गए आरोपों के संबंध में अपनी स्थिति को उचित ठहराने के लिए अंशदाता द्वारा या उसके विरुद्ध प्रारम्भ किए गए कानूनी कार्यवाहियों के व्यय चुकाने के लिए।

(ङ) टेलीविजन, वी.सी.आर., रेफ्रीजिरेटर या किसी मुख्य वस्तु की लागत चुकाने को :

बशर्ते कि इस उपविनियम के अधीन ऐसे अंशदाता को पेशगी स्वीकार नहीं की जायेगी जो किसी भी न्यायालय में अपने कर्त्तव्य से संबंध न रखने वाले मामला या बोर्ड के विरुद्ध अपनी सेवा शर्तों के संबंध में या अपने ऊपर आरोपित किसी अपराध पर किसी भी न्यायालय में कानूनी कार्यवाही प्रारम्भ करेगा।

(च) जब अंशदाता अपने ऊपर आरोपित किसी भी दुराचरण के बारे में की जाने वाली जांच से अपने को बचाने के लिए एक वकील को नियुक्त करता है, ऐसे समय पर अपने बचाव के लिए होने वाले व्यय को पूरा करने।

(छ) अध्यक्ष के स्वनिर्णय पर विपत्ति से संबंधित अन्य मामलों में।

(2) उचित मंजूरीकर्ता प्राधिकारी विशेष परिस्थितियों में किसी भी अंशदाता को पेशगी की मंजूरी कर सकता है यदि यह विश्वास हो जाये कि संबंधित अंशदाता को उपविनियम (1) में बताये गये कारणों को छोड़ कर अन्य कारणों से पेशगी की आवश्यकता है।

(3) लिखित रूप में रिकार्ड किए जाने वाले विशेष कारणों को छोड़कर किसी भी अंशदाता को उप-विनियम (1) में दी गयी सीमा से अधिक या पिछली पेशगी की अंतिम किस्तों को ब्याज सहित चुकाने तक पेशगी नहीं दी जायेगी।

(4) पहले अग्रिम की आखरी किस्त चुकाने से पूर्व, यदि उप विनियम (3) के अंतर्गत अग्रिम मंजूर किया गया हो तो, पूर्व अग्रिम का वसूल न किया गया शेष भी इस प्रकार मंजूर किये गये अग्रिम में मिला दिया जायगा और उस समेकित राशि को ध्यान में रख कर वसूली के लिए किस्तों को निर्धारित किया जायगा।

(5) विनियम-23 के उप विनियम (3) के खंड (2) के अन्तर्गत, अंतिम भुगतान के लिए, आवेदन पत्र लेखा अधिकारी के पास भेजने के मामले में अग्रिम मंजूर होने के बाद, लेखा अधिकारी के अनुमोदन के प्रमाणीकरण पर रकम लिया जा सकता है।

नोट :

(1) इस विनियम के लक्ष्य के लिए जहां स्वीकार्य है वेतन में महंगाई भत्ता भी शामिल होगा।

(2) इस विनियम के लक्ष्य के लिए समय समय पर पेशगियों की मंजूरी के लिए बोर्ड द्वारा प्राधिकृत प्राधिकारी उचित मंजूरीदाता प्राधिकारी रहेगा।

(3) एक अंशदाता को विनियम 13 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ख) के अधीन हर छः महीनों में एक बार पेशगी लेने की अनुमति दी जाती है।

15 पेशगी की वसूली : एक पेशगी को अंशदाता से उस प्रकार के समान मासिक किस्तों में वसूल की जायेगी जैसे उस पेशगी की मंजूरी के लिए प्राधिकृत अध्यक्ष या किसी अधिकारी निर्देश करता है, लेकिन उनका संख्या 12 से कम नहीं रहना चाहिए यदि अंशदाता द्वारा अन्यथा नहीं चुना जाय तथा 24 से ज्यादा नहीं होना चाहिए। विशेष मामलों में जहां मांगी गई पेशगी की राशि विनियम-14 के उप विनियम (3) के अंतर्गत अंशदाता के तीन महीनों के वेतन से अधिक है तो, पेशगी मंजूरीदाता प्राधिकारी 24 से अधिक लेकिन 36 या उससे कम संख्या की किस्तों को नियत कर सकता है। एक अंशदाता अपने विकल्प से एक महीने में एक किश्त से अधिक किस्से चुका सकता है। हर एक किस्त पूरे रुपयों में होनी चाहिए, ऐसी किस्तों को नियत करने के लिए पेशगी की राशि को आवश्यकता पड़ने पर बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

(2) अंशदाता की उगाही के लिए, विनियम-11 में निर्धारित ढंग पर वसूली की जायेगी तथा पेशगी लिये जाने वाले महीने के अगले महीने के वेतन से प्रारम्भ होगी। अंशदाता द्वारा निर्वाह अनुदान को प्राप्त करते समय या जब वह कलेंडर महीने के 10 दिन या उससे अधिक अवधि के लिए छुट्टी पर रहता है और उसके समय के लिए उसे किसी प्रकार की छुट्टी वेतन प्राप्त नहीं होता या आधा वेतन के समान या कम मात्रा में छुट्टी का वेतन प्राप्त होता है, उस अवधि की वसूली अंशदाता की बिना सहमति के नहीं की जायेगी। जो भी लागू हो, एक अंशदाता को स्वीकृत वेतन की पेशगी की वसूली के दौरान अंशदाता के लिखित अनुरोध पर अध्यक्ष द्वारा वसूली को मुल्तवी किया जा सकता है।

(3) यदि अंशदाता को एक से ज्यादा अग्रिम मंजूर किया गया है और उसके द्वारा लिया गया, बाद में यानि पुनर्भुगतान समाप्त होने से पहले अग्रिम देने को अस्वीकार किया गया, तो इस प्रकार लिए गये पूर्ण या शेष रकम विनियम-12 में बताये गये ब्याज की दर की साथ अंशदाता द्वारा निधि में जमा करना होगा ऐसा नहीं करने से

लेखा अधिकारी के आदेश पर अंशदाता के एमोल्युमेंट्स में एक मुश्त राशि में घटा कर या अधिकतम 12 महीनेवार किश्तों में—अध्यक्ष या अग्रिम मंजूर करने वाले सक्षम प्राधिकारी के निदेशों के अनुसार वसूल किया जायगा। और इस प्रकार करने में विनियम-14 के उप विनियम-(3) के अंतर्गत विशेष कारण होना चाहिए।

बशर्ते कि इस प्रकार अग्रिम अस्वीकार करने से पहले मंजूरी प्राधिकारी को लिखित स्पष्टीकरण देने के लिए अंशदाता को एक मौका दिया जाए कि पुर्नभुगतान करने के लिए उसे क्यों मजबूर नहीं किया जाए। यह स्पष्टीकरण सूचना प्राप्त होने के 15 दिनों के अंदर देना चाहिए, यदि अंशदाता का स्पष्टीकरण उक्त बताये गये 15 दिनों की अवधि में प्रस्तुत किया जाता तो इस पर निर्णय लेने के लिए मंजूरी प्राधिकारी के पास भेजा जाता है। यदि उसके द्वारा (अंशदाता) उक्त अवधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जाता, तब इस उप-विनियम में निर्धारित पद्धति द्वारा अग्रिम का पुर्नभुगतान (दबाकर) करवाया जायगा।

(4) इस विनियम के अंतर्गत की गयी वसूली निधि में अंशदाता के खाते में जमा की जायेगी।

16. पेशगी का अधर्म उपयोग: इन विनियमों में किसी अन्य बात के होते हुए भी, यदि मंजूरी प्राधिकारी के पास शक करने का कुछ कारण होता कि विनियम-14 के अंतर्गत अग्रिम नहीं करने पर, या अंशदाता के छुट्टी पर होने पर भी, उसकी परिलब्धियों से एक मुश्त राशि में घटा कर वसूल करने का आदेश देगा। जो भी हो, पुर्नभुगतान करने वाली कुल रकम अंशदाता की परिलब्धियों के आधा से ज्यादा हो तो पूरे रकम को चुकाने तक मासिक किस्तों में या उसकी परिलब्धियों के अर्धसूत्र में की जानी पड़ेगी।

नोट: इस विनियम में परिलब्धियों में निर्वाह अनुदान शामिल नहीं है।

17. निधि से निकासी: (1) यहां पर विनिर्देशित शर्तों के अधीन किसी भी समय पर विनियम (14) के उप-विनियम (3) के अधीन दिये गये विशेष कारणों से पेशगी की मंजूरी देने वाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा ही निकासी मंजूर की जा सकती है।

(क) अंशदाता द्वारा बीस साल की सेवा पूरी किए जाने पर (सेवा भंग अवधियों सहित, यदि कोई हो तो) या निवर्तन पर सेवा निवृत्त होने की तारीख के पहले 10 वर्षों में, जो भी पहले हो, निधि में उसकी जमा में निहित राशि से निम्नकारणों के लिए निकासी की जा सकती है।

(क) अंशदाता या अंशदाता के किसी बच्चे के यात्रा भत्ते सहित, निम्न मामलों से संबंधित उच्च शिक्षा के व्यय को पूरा करने के लिए, जो निम्न प्रकार है:—

(1) हाई स्कूल से ऊपरी स्तर के शैक्षणिक, तकनीकी, व्यावसायिक या पेशा पाठ्यक्रम के संबंध में भारत के बाहर शिक्षा के लिए जाने और

(2) दूसरी अनुसूची में सूचित हाई स्कूल से ऊपरी स्तर के किसी भी चिकित्सा, इंजीनियरी या अन्य तकनीकी या विशेषज्ञ पाठ्यक्रम के लिए भारत में,

(ख) अंशदाता के या उसके बेटों या बेटियों तथा वास्तव में उस पर आश्रित किसी स्त्री रिश्तेदारों से संबंधित वागदान, शादी के व्यय को चुकाने के लिए;

(ग) अंशदाता तथा उसके परिवार के सदस्यों या उसके, ऊपर वास्तविक रूप में आश्रित किसी भी व्यक्ति के अस्वस्थता से संबंधित व्यय को पूरा करने के लिए, जहां भी आवश्यक पड़ता है, यात्रा भत्ताओं को भी शामिल किया जाता है।

(ख) अंशदाता की सेवा के दौरान निधि में अपनी जमा में निहित राशि में से निम्न एक या अधिक कारणों से जो इस प्रकार है:

(क) अपने निवास के लिए एक उपर्युक्त मकान का निर्माण या तैयार मकान खरीदने के लिए, जिस में भूमि का व्यय या जमीन या फ्लैट की आबंटन हेतु हुडा या स्टेट हाउसिंग बोर्ड या हाउस बिल्डिंग सोसाइटी को चुकाने वाली कोई भी रकम शामिल है।

(ख) अपने निवास के लिए निर्माण किए गए उपयुक्त मकान या तैयार मकान को प्राप्त करने में हुई ऋण की बकाया राशि को चुकाने के लिए।

(ग) अपने निवास के लिए, मकान के निर्माण के लिए खरीदे भूखंड की या ऐसे प्रयोजनों के कारण प्रत्यक्ष रूप में लिये गये ऋणों की बकाया राशि को चुकाने के लिए।

(घ) अंशदाता द्वारा पहले ही स्वामित्व में लिए गये या प्राप्त किये गये मकान या फ्लैट के पुन निर्माण या बढ़ाने या परिवर्तनों के लिए।

(ङ) काम करने वाले स्थान के अलावा दूसरे स्थान पर पैतृक गृह को, या मंडल की ऋण की सहायता से काम करने वाले जगह के अलावा दूसरे स्थान पर निर्मित गृह को नया करने, बढ़ाने तथा परिवर्तन या मरम्मत करने के लिए।

(ज) धारा (ग) के अधीन खरीद किये गए भूमि पर गृह का निर्माण करने।

(ग) अंशदाता के निवर्तन पर सेवा निवृत्त हो जाने के 12 महीनों के पहले निधि में रकम किसी उद्देश्य से जोड़े बगैर निहित रकम में से।

नोट :– एक अंशदाता जिन्होंने निर्माण कार्य एवं आवास मंत्रालय की योजना में गृह निर्माण के लिए पेशगी प्राप्त की हो, या जिस को किसी भी सरकारी स्रोत से इस संबंध में सहायता मिली हो, उसे धारा (ख) की उप धारा (अ), (ई), और (ज) के अधीन वह विनिर्दिशित तथा पूर्वोक्त योजना से लिये गये ऋण को चुकाने के लिए विनियम (18) के उपविनियम (1) के परंतुक में निर्दिशित सीमा के अधीन अंतिम निकासी की मंजूरी दी जा सकती है।

यदि एक अंशदाता के पैतृक गृह है या वह अपने कार्य स्थल को छोड़ कर दूसरी जगह पर मंडल की सहायता प्राप्त करके गृह का निर्माण करता है तो धारा (ख) की उप धारा (अ) तथा (ऊ) के अधीन के लिए भूखंड या दूसरे गृह के निर्माण के लिए या अपने ड्यूटी स्थान पर निर्मित फ्लैट को प्राप्त करने के लिए अंतिम निकासी के लिए पात्र होगा।

नोट :–(2) धारा (ख) की उपधारा (अ), (ई) (उ) या (ऊ) के अधीन निकासी की मंजूरी तभी दी जाती है जब अंशदाता अपने निर्माण किये जाने वाले गृह की योजना या जहां वह भूखंड या गृह स्थित है, उस क्षेत्र के स्थानीय नगर पालिका निकाय द्वारा यथा अनुमोदित विस्तार तथा परिवर्तन जिन्हें वह करना चाहता है प्रस्तुत करता है और सिर्फ ऐसे मामलों में जहां योजना को वास्तव में अनुमोदित किया गया हो।

नोट :–(3) धारा (आ) की उप धारा (ख) के अधीन मंजूर की गई निकासियों की राशि उप धारा (आ) के अधीन की गयी पिछली निकासी की राशि निकासी सहित आवेदन पत्र की तारीख पर स्थित शेष राशि के 3/4 भाग से अधिक नहीं होगी। अनुसरण किये जाने वाला सूत्र यह है कि उस दिन तक मौजूद शेष राशि का 3/4 वां भाग संदर्भित गृह के संबंध में की गई पिछली निकासियों—पिछली निकासियों की राशि।

नोट :–(4) जब गृह के लिए भूखंड गृह पत्नी या पति के नाम पर रहता है तब धारा (ख) की उपधाराओं (आ) या (ई) के अधीन निकासी की अनुमति दी जाती है बशर्ते कि वह अंशदाता के नामन पत्र में भविष्य निधि से धन प्राप्त करने के लिए पहला/पहली मनोनीत होना/होनी चाहिए।

नोट :– (5) इस विनियम के अधीन एक लक्ष्य के लिए सिर्फ एक ही निकासी की अनुमति दी जाती है। लेकिन भिन्न बच्चों की शादी शिक्षा या विभिन्न अवसरों पर अस्वस्थता या जिस क्षेत्र में गृह का भूखंड या गृह स्थित है उस क्षेत्र की स्थानीय नगर पालिका निकाय द्वारा यथा अनुमोदित नई योजना के तहत गृह या फ्लैट के विस्तार या परिवर्तन आदि को एक ही लक्ष्य के रूप में नहीं समझा जायगा। नोट (3) के अधीन दी गयी सीमा के अधीन एक ही गृह को पूरा करने के लिए धारा (ख) की उपधारा (अ) या (ऊ) के अधीन दूसरी बार या बाद की निकासी की अनुमति दी जाती है।

नोट :–(6) विनियम (14) के अधीन उसी लक्ष्य के लिए तथा उसी समय पर पेशगी की मंजूरी किए जाने पर इस विनियम के अधीन निकासी की मंजूरी नहीं की जायेगी।

(2) जब अंशदाता, सामान्य, भविष्य निधि लेखे की नवीनतम सारणी और तदनुसार अंशदान के साक्ष्य के साथ, अपने सामान्य भविष्य निधि जमा के बारे में सक्षम प्राधिकारी को संतुष्ट करने की स्थिति में रहता है, तब सक्षम प्राधिकारी ही निर्धारित सीमाओं के अंदर निकासी की मंजूरी दे सकता है, जैसा कि वापसी योग्य अग्रिम के मामले में करता है। ऐसा करते समय सक्षम प्राधिकारी को अंशदाता को मंजूर निकासी या वापसी अग्रिम ध्यान में रखनी होगी। जो भी हो, यदि अंशदाता अपने खाते में जमा रकम के बारे में या आवेदित निकासी की स्वीकार्यता के बारे में सक्षम प्राधिकारी को संतुष्ट नहीं कर पाता तो, निकासी की स्वीकार्यता के बारे में निर्णय लेने हेतु ,अंशदाता की जमा राशि की पुष्टि के लिए सक्षम प्राधिकारी, लेखा अधिकारी से बात कर सकता है। निकासी के लिए मंजूरी में सामान्य भविष्य निधि लेखा संख्या एवं लेखा अनुरक्षण करने वाले लेखा अधिकारी के बारे में स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए या मंजूरी की एक प्रति लेखा अधिकारी को निरपवाद रूप से भेजनी (पृष्ठांकन करना) होगी। यह सुनिश्चित करने की—यानि लेखा अधिकारी से पावती लेने की —जिम्मेदारी मंजूरी प्राधिकारी की है। कि निकासी की स्वीकृति ,अंशदाता के लेजर खाते में नोट कर लिया गया है। यदि लेखा अधिकारी रिपोर्ट करता है कि स्वीकृत निकासी (रकम) अंशदाता की जमा राशि से ज्यादा है या अन्यथा अस्वीकार्य है, तब अंशदाता द्वारा निकाली गई रकम एक मुश्त राशि में अंशदाता द्वारा निधि में जमा की जायेगी और वापस चुकाने में असफल होने की स्थिति में मंजूरी प्राधिकारी के आदेश पर अंशदाता की परिलब्धियों से एक मुश्त राशि में या मंजूरी प्राधिकारी द्वारा निर्धारित मासिक किस्तों में वसूली की जायेगी।

(3) विनियम-23 के उपविनियम (3) के खंड (2) के अंतर्गत अंतिम भुगतान के लिए आवेदन पत्र लेखा अधिकारी के पास भेजने के मामले में निकासी मंजूर होने के बाद लेखा अधिकारी अनुमोदन से रकम निकाली जा सकती है।

18. निकासी की शर्तें : (1) एक अंशदाता द्वारा किसी भी एक समय पर विनियम 17 में विनिर्दिशित एक या अधिक लक्ष्यों के लिए निधि के अपने खाते की जमा में निहित

राशि में से निकाली गई कोई भी राशि साधारणत या उस राशि के आधा भाग या छः महीनों के वेतन मे जो भी कम हो, अधिक नहीं रहेगी । फिर भी मंजूरी दाता प्राधिकारी निम्न बातों की ओर विशेष ध्यान देते हुए इस सीमा से अधिक राशि की पेशगी (अंशदाता के) निधि के खाते में निहित शेष के 3/4वें भाग तक मंजूर की जा सकती है :–

(i) वह लक्ष्य जिस के लिए निधि से निकासी की जा रही है।

बशर्ते कि किसी भी मामले में विनियम 17 के उप-विनियम (1) के खंड (ख) में विनिर्दिष्ट उद्देश्य के लिए निकाली गई अधिकतम रकम, गृह निर्माण के लिए अग्रिम अदायगी – गृह निर्माण अग्रिम नियम के अन्तर्गत, समय-समय पर दी जाने वाली अधिकतम रकम से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

आगे बशर्ते कि विनियम 17 (i) (ग) के अन्तर्गत स्वीकार्य आहरण निधि में अंशदाता की जमा राशि के 90% से अधिक नहीं होना चाहिए ।

आगे बशर्ते कि यदि अंशदाता ने गृह निर्माण हेतु अग्रिम की मंजूरी के लिए इन नियमों के अन्तर्गत अग्रिम का उपयोग किया है या किसी अन्य सरकारी स्रोतो से इसके लिए कुछ सहायता लिया है, तो उक्त बतायी गयी योजनाओं के अन्तर्गत लिए गये अग्रिम के साथ इस खंड के अन्तर्गत आहरित रकम या कोई अन्य सरकारी स्रोतो से ली गई सहायता, उक्त नियमों के तहत समय समय पर दी जाने वाली अधिकतम राशि (सीमा) से ज्यादा नहीं होनी चाहिए ।

नोट :– (1) : विनियम 17 के उप विनियम (1) के खंड (क) के उप खंड (क) के अन्तर्गत अंशदाता को मंजूर की गई निकासी किस्तों में ली जाए और किस्तों की संख्या मंजूरी देने की तिथि से 12 कैलेंडर महीनों में "4" से अधिक नहीं होना चाहिए ।

नोट :– (2) : विनियम 17 के उप विनियम (1) की धारा (क) की उपधारा (क) के अधीन एक अंशदाता को हर छः महीनों में एक बार निकासी करने के लिए अनुमति दी जाती है, विनियम 18 के उप विनियम (1) के लक्ष्यों के लिए ऐसे निकाली गई हर आहरण को पृथक प्रयोजन के रूप में समझा जाएगा ।

नोट :– (3) : ऐसे मामलों में जहां अंशदाता को शहरी नगर योजना समिति व राज्य गृह निर्माण बोर्ड या कोई गृह निर्माण सहकारी समिति के माध्यम से एक भूखंड या एक गृह या एक फ्लैट खरीदने के लिए या निर्मित किए गए गृह या फ्लैट के लिए किस्तो मे भुगतान करना हो तब भुगतान देने के समय उसे आहरण की अनुमति दी जाएगी । ऐसे हर एक भुगतान को विनियम 18 के उप विनियम (1) के प्रयोजनों के लिए पृथक प्रयोजनों के लिए भुगतान के रूप में समझा जाएगा ।

(2) विनियम 17 के अधीन निधि से रकम निकालने के लिए जिस अंशदाता को अनुमति दी गई हो उसे मंजूरी प्राधिकारी द्वारा विनिर्देशित यथोचित अवधि में उस प्राधिकारी को संतुष्ट करना होगा कि निकाली गई राशि, जिस उद्देश्य के लिए निकाली गई है उसी उद्देश्य के लिए उपयोग की गयी है, और यदि वह ऐसा नहीं कर पाया तो निकाली गई कुल राशि को, उसमें जितना भाग उस उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं किया गया है, जिसके लिए उस राशि को निकाला गया है, तुरन्त एक ही राशि में अंशदाता द्वारा निधि में चुकाना चाहिए, तथा भुगतान न करने पर मंजूरी दाता प्राधिकारी द्वारा (एक ही राशि में या मंजूरी प्राधिकारी द्वारा यथा निर्धारित मासिक किस्तों में उसकी परिलब्धियों से वसूली करने का आदेश दिया जाता है ।

(3) (क) एक अंशदाता जिसे विनियम 17 के उप-विनियम (1) की धारा (ख) की उप धारा (क), उप धारा (ख) या उप धारा (ग) के अधीन निधि में अपने खाते में निहित राशि से धन निकालने की अनुमति दी जाती है, मंजूरी प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना ऐसे निकाली गई रकम से (मंजूरीदाता प्राधिकारी को गिरवी के अलावा) उपहार या विनियम द्वारा निर्माण किया गया या प्राप्त किया गया मकान या खरीदी गई भूखंड पर अपना अधिकार का त्याग नहीं करना है। उसे उस गृह को या भूखंड को मंजूरी प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना 3 वर्ष से अधिक अवधि के लिए विनियम द्वारा या पट्टे पर उस गृह या भूखंड पर अधिकार न खोना चाहिए।

(ख) अंशदाता को हर वर्ष के 31 दिसम्बर के पहले एक लिखित घोषणा पत्र प्रस्तुत करना पड़ता है कि वह मकान या भूखंड उसके अधिकार में रहा है और यदि आवश्यक हो तो मंजूरी प्राधिकारी के सम्मुख प्राधिकरण में विनिर्देशित तारीख के अन्दर मूल बिक्री पत्र तथा अन्य दस्तावेज, जिन पर संपत्ति के प्रति उसके शीर्षक आधारित है, प्रस्तुत करना होगा।

(ग) सेवानिवृत्त होने के पहले, किसी भी समय पर मंजूरी प्राधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना यदि अंशदाता उस गृह या भूखंड पर अधिकार खो देता है, तो उसके द्वारा निकाली गई राशि को तुरन्त एकमुश्त राशि के रूप निधि में चुकाना होगा, तथा भुगतान न किये जाने पर मंजूरदाता प्राधिकारी द्वारा अंशदाता को इस मामले में अपने कारण बताने के लिए उचित मौका देने के बाद उसकी परिलब्धियों से एक ही राशि मे या बोर्ड द्वारा यथा निर्धारित मासिक किस्तों में वसूल करने का आदेश दिया जाता है ।

नोट :—मंडल से ऋण लेने वाले अंशदाता को इसके बदले में मंडल को घर या भूखंड गिरवी रखकर निम्नानुसार घोषणा प्रस्तुत करनी चाहिये अर्थात्

"मैं प्रमाणित करता हूं कि घर या घर के लिए भूखंड जिस का निर्माण हेतु या जिस को

प्राप्ति के लिये भविष्य निधि से अंतिम निकासी (रकम) की गयी थी, वो अभी भी मेरे अधीन है लेकिन मंडल के अधीन गिरवी रखा गया है"

19 पेशगी का आहरण के रूप में परिवर्तन :— अंशदाता जो विनियम 17 के उप विनियम (1) में विनिर्देशित किसी भी उद्देश्य के लिए विनियम 14 के अधीन पेशगी लेता या जिसने पेशगी लिया है, अपने स्वनिर्णय पर, मंजूरी प्राधिकारी द्वारा लेखा अधिकारी के पते पर एक लिखित अनुरोध भेज कर और उसके द्वारा विनियम 17 और 13 की शर्तों को संतुष्ट करने के बाद अपने जमा में रहने वाली शेष राशि को अंतिम वापसी के रूप में परिवर्तित कर सकता है।

बशर्ते कि इस उप विनियम के अंतर्गत आहरण का पूर्ण भुगतान शुरू करने से पहले अंशदाता को लिखित विवरण देने के लिए एक मौका दिया जाए यानि इस प्रकार की सूचना मिलने के 15 दिनों के अंदर लिखित रूप में यह स्पष्ट करने का मौका दिया जाए कि पूर्ण-भुगतान शुरू क्यों न किया जाए। यदि मंजूरी प्राधिकारी उसके स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं होता या निर्धारित 15 दिनों के अंदर अंशदाता की ओर से कोई भी विवरण प्रस्तुत नहीं किया जाता तो इस उप विनियम में बताये गये अनुसार मंजूरी प्राधिकारी पूर्णभुगतान लागू करेगा।

नोट–1 : जब ऐसे परिवर्तन के लिए आवेदन पत्र प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा लेखा अधिकारी को भेजा जाता है, तब वेतन बिलों से वसूली बंद करने के लिए श्रेणी-3 और 4 कर्मचारियों के मामले में विभागाध्यक्ष और श्रेणी–1 और 2 अंशदाताओं के मामले में, संबंधित लेखा अधिकारी को प्रशासनिक प्राधिकारी अनुदेश दे सकता है। श्रेणी–1 और 2 अंशदाताओं के मामले में आगे की वसूली को रोकने हेतु प्रशासनिक प्राधिकारी अंशदाता की सूचना अग्रेषित करने वाले पत्र को उस लेखा अधिकारी को पृष्ठांकित करेगा जहां से वह वेतन लेता है।

नोट–2 : विनियम 18 के उप विनियम (1) के लिए, परिवर्तन के समय, अंशदाता के खाते में जमा पर ब्याज सहित अंशदान रकम और अग्रिम की बकाया रकम को शेष के रूप में लिया जाएगा। प्रति आहरण को भिन्न माना जाएगा और यही नियम एक से अधिक परिवर्तनों के लिए लागू होगा।

20. निधि में संचित राशि का अंतिम आहरण :— जब एक अंशदाता सेवा-छोड़ता है तो उसे निधि के उसके खाते जमा में रहने वाली रकम का भुगतान किया जाना चाहिये।

बशर्ते कि एक अंश दाता, जिसे सेवा से निकाला जाता है और बाद में फिर से नियुक्त किया जाता है, इस विनियम के अनुसार निधि से उसे भुगतान की गई कोई भी रकम विनियम 21 के परंतुक में दिये ढंग पर विनियम 12 में बताए गए दर पर ब्याज सहित उसे निधि को चुकानी पड़ती है, ऐसी चुकायी गयी रकम निधि के उसके अपने खाने में फिर जमा की जायेगी।

स्पष्टीकरण (1) :—ठेके पर नियुक्त या सेवा निवृत्त व्यक्ति के अलावा कोई अंशदाता बाद में सेवा भंग सहित या सेवा भंग के बिना पुर्ननियुक्त होता है, जब वह कोई प्रमुख पत्तन अधिकारी के अधीन (जिस में वह दूसरे भविष्य निधि के नियमों द्वारा प्रभावित किया जाता है) कोई नये पद पर किसी भी प्रकार के सेवा भंग के बिना तथा अपने पहले के पद पर किसी भी प्रकार का संबंधन रखते हुए बदली किया जाता है उसे सेवा से छोड़ दिया नहीं समझा जाता है। ऐसे मामले में उसके अंशदानों को ब्याज सहित अन्य निधि के अपने खाते में उस निधि के नियमों के अनुसार बदली किया जायेगा। उपर्युक्त कार्य विधि प्रत्यक्ष नियुक्ति द्वारा संभावित छटनी के मामलों में भी लागू होगा चाहे वह बोर्ड के अधीन हो या कोई प्रमुख पत्तन प्राधिकारी के अधीन हो।

नोट :—स्थानांतरण में—सक्षम प्राधिकारी के उचित अनुमति के साथ और सेवा में बिना कोई ब्रेक, केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के किसी दूसरे विभाग में नियुक्ति लेने के लिए, सेवा से त्याग पत्र देने के मामले भी शामिल है। सेवा में रोध (ब्रेक) होने के मामले में, दूसरे स्थान को स्थानांतरण होने पर दिए जाने वाले ज्वाइनिंग समय तक ही सीमित किया जाएगा।

यही नियम छंटनी करके तुरंत मंडल या अन्य किसी महापत्तन प्राधिकार के अंतर्गत रोजगार देने के मामले में लागू होगा।

स्पष्टीकरण (2) : जब एक अंशदाता (ठेके पर नियुक्त व सेवा निवृत्त होकर बाद में पुनः नियुक्त व्यक्ति के अलावा) किसी भी सेवा भंग के बिना सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण के अधीन रहने वाले किसी नियम निकाय की सेवा में बदली किया जाता है, तब अंशदानों की राशि को ब्याज सहित उसे भुगतान नहीं किया जाता बल्कि निकाय की सहमति लेकर उस निकाय के अधीन रहने वाली निधि के उसके खाते में बदली की जायगी।

स्थानांतरणों में—सक्षम प्राधिकारी की उचित अनुमति के साथ और सेवा में बिना कोई ब्रेक सरकारी या सरकार द्वारा नियंत्रित निकाय या निगम में नियुक्ति लेने के लिए सेवा से त्याग पत्र देने के मामले भी शामिल है। नये पद में कार्य-ग्रहण करने के लिए लगने वाले समय को तब तक सेवा में ब्रेक के रूप में नहीं माना जायगा जब तक यह एक कर्मचारी को एक पद से दूसरे पद में स्थानांतरण के लिए दिये जाने वाले कार्यग्रहण समय से अधिक नहीं हो।

बशर्ते कि यदि अंशदाता ने पब्लिक एन्टरप्राइसेस में सेवा करने का विकल्प चुना हो तो, उसकी ब्याज सहित अंशदान रकम अपनी इच्छा पर, एंटरप्राइसेस के तहत गए भविष्य निधि खाते में—यदि संबंधित एंटरप्राइसेस भी सहमत हो—

स्थानांतरित किया जाएगा। जो भी हो अंशदाता द्वारा रकम स्थानांतरित करने की इच्छा न होने पर अथवा संबंधित एंटर-प्राइसेज में भविष्य निधि का व्यवस्था नहीं होने पर उक्त रकम अंशदाता को वापस की जाएगी।

21. अंशदाता की सेवा निवृत्ति :—यदि अंशदाता के छुट्टी पर होने के समय सेवानिवृत्ति की अनुमति दी जाती है या सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा आगे की सेवा के लिए उसे अयोग्य घोषित किया जाता है तो निधि में उसकी जमा की रकम, लेखा अधिकारी को उसके द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने पर उसे दे दी जायेगी।

बशर्ते कि अंशदाता जब ड्यूटी पर लौट आता है जहां बोर्ड द्वारा अन्यथा निर्णय न लेने पर इस विनियम के अनुसार निधि से उसे भुगतान की गई राशि को सक्षम प्राधिकारी द्वारा किये गये निर्णय के अनुसार विनियम–12 में निर्धारित दर पर ब्याज सहित नकद या प्रतिभूतियों में, किस्तों में या अन्यथा, अपनी परिलब्धियों से वसूली द्वारा या अन्यथा निधि के अपने खाते में जमा कर लौटाना होगा और इसके लिए विनियम–14 के उप विनियम (3) के अंतर्गत विशेष कारणों की जरूरत है।

22. अंशदाता की मृत्यु पर कार्यवाही :—अपनी जमा में रहने वाली राशि देय योग्य होने के पहले या जहां राशि देय योग्य होने पर भी भुगतान किये जाने के पहले अंशदाता के मर जाने पर;

(i) जब अंशदाता परिवार को छोड़ देता है।

(अ) यदि अंशदाता द्वारा विनियम 6 के उपबंधों के अनुसार अपने परिवार के सदस्य या सदस्यों के नाम पर नामांकन दिया जाता है, निधि के अपने खाते में जमा राशि या उसके भाग को नामांकन में उल्लिखित अनुपात में मनोनीत या मनोनीतों को भुगतान योग्य हो जाता है।

(आ) यदि अंशदाता के परिवार के किसी सदस्य या सदस्यों के नाम पर ऐसा नामांकन नहीं रहता या यदि ऐसा नामांकन निधि में अपनी जमा में रहने वाली राशि के एक अंश से संबंध रखता है, उस नामांकन से संबंध न रखने वाली पूरी राशि या उसके एक अंश के संबंध में, जैसी स्थिति हो, उसके परिवार के सदस्य या सदस्यों के अलावा किसी भी व्यक्ति के या व्यक्तियों के पक्ष के अभिप्राय से किसी नामांकन के होते हुए भी उसके परिवार के सदस्यों को समान हिस्सों में देय योग्य होगा।

बशर्ते कि किसी भी हिस्से को निम्न व्यक्तियों को भुगतान नहीं किया जायेगा।

(1) बालिगी प्राप्त बेटे।

(2) मरे हुए बेटे —बेटे जिन्हें बालिगी प्राप्त हैं।

(3) विवाहित बेटियों जिनके पति जीवित हैं।

(4) मर गये बेटे की विवाहित बेटियां जिनके पति जीवित हैं।

यदि धारा (1), (2), (3), (4) में उल्लिखित के अलावा परिवार के अन्य कोई सदस्य हो तो:

आगे बशर्ते कि मर गये बेटे की विधवा स्त्रियों तथा शिशु या शिशुओं को उस हिस्से का भाग समान भागों में प्राप्त होगा जिस हिस्से के लिये उस मरे हुए बेटे को अंशदाता के साथ बना रहने पर प्राप्त होगा तथा पहले परन्तुक के धारा (1) के उपबन्धों से विमुक्त किया गया होगा।

